1940/15-07-2021.

दिनांकः—07.07.2021 को माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की बैठक के मुख्य बिन्दु।

दिनांक—07.07.2021 को माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षा की गई। भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय अन्तर्गत किए जाने वाले विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रक्रमवार विवरण की प्रस्तुति पश्चात् माननीय मंत्री द्वारा की गई समीक्षा के मुख्य बिन्दु निम्नवत् हैः—

(i) विशेष सर्वेक्षण शिविरों का अनुश्रवणः— कार्यरत विशेष सर्वेक्षण शिविरों का सतत् अनुश्रवण करने के लिए पदाधिकारियों द्वारा शिविरों एवं ग्रामों का भ्रमण किया जाए एवं इसके क्रम में आम जनता तथा बड़े रैयतों से चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य का फीडबैक प्राप्त किया जाए। समीक्षा के लिए जिलावार बेहतर प्रदर्शन करने वाले दोनों तरह के शिविरों की समीक्षा की जाए और खराब प्रदर्शन का कारण ज्ञात किया जाए एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिविरों को पारितोषिक देने की व्यवस्था की जाए।

(ii) रैयतों से स्वघोषणा एवं वंशावली की प्राप्तिः— विशेष सर्वेक्षण कार्य में रैयतों से प्राप्त होनेवाली स्वघोषणा एवं वंशावली की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए एवं स्वघोषणा एवं वंशावली को ऑनलाईन प्राप्त करने की सुविधा बहाल की जाए। वैसे रैयत जो बाहर रहते हैं, उनसे भूमि आदि की विवरणी प्राप्त करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

(iii) जनजागरूकताः— विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया से आम जनता को अवगत कराने के लिए स्थानीय ग्राम स्तर माईकिंग कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जनजागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर सोशल मिडिया के माध्यम से विशेष सर्वेक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं रैयतों के कर्त्तव्यों को परिभाषित करते हुए इसके महत्त्व पर भी प्रकाश डाला जाए।

(iv) विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में लगाए जाने वाले पिलरः— विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा पर लगाए जाने वाले पिलरों के निर्माण में पिलर की मजबूती पर ध्यान दिया जाए ताकि मानवीय एवं भौगोलिक कारणों से पिलर क्षतिग्रस्त नहीं हो सके। यदि आवश्यक हो तो पिलरों की संरचना के लिए पूर्व से बनाए जाए डिजाइन में परिवर्त्तन किया जाए। ग्राम सीमाओं पर लगाए जाने वाले पिलरों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाए।

(v) मानचित्रों की बिक्री एंव अंचल स्तरीय उपलब्धताः— रैयतों को मानचित्र उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर अधिष्ठापित किए गए प्लॉटरों से सभी अंचलों में नापी के उद्देश्य से मानचित्रों की आपूर्ति करवाना यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अंचलवार पर ग्रामवार मानचित्रों के समुचित रख—रखाव के लिए सभी आवश्यक उपाय भी किए जाएँ। इस सम्बन्ध में राज्य स्तर से प्रत्येक जिले का सतत् अनुश्रवण कर सभी अंचलों में सभी ग्रामों के मानचित्र की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

15/7/21

(जय सिंह)
निदेशक,
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Proceeding\Proceeding_07.07.2021.docx

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1940.......... **पटना, दिनांक** :–15-07-2021

प्रतिलिपिः– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1940.......... **पटना, दिनांक** :–15-07-2021

प्रतिलिपिः– श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी, सूचना, शिक्षा एवं संचार, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1940.......... **पटना, दिनांक** :–15-07-2021

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1940.......... **पटना, दिनांक** :–15-07-2021

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1940.......... **पटना, दिनांक** :–15-07-2021

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84 / 2019......1940.......... **पटना, दिनांक** :–15-07-2021

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
15/7/21